तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, गुरुवार 2 जुलाई 2026

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट



12 सेवानिवृत्त व स्थानांतरित शिक्षकों को भावभीनी विदाई...





11 जुगाड़ के भरोसे नवागढ़ शासकीय कॉलेज...





## खबर संक्षेप

### दो लाख का गांजा आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई।** गांजा तस्करी मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। खुर्सीपार पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर ट्रांसपोर्ट नगर रोड, बिहारी मोहल्ला के सामने नहर पार के पास गांजा बेचने की जानकारी मिली थी। पुलिस ने दबिश देकर खुर्सीपार निवासी हरिशंकर यादव उर्फ जुगनु यादव को पकड़ा गया। पूछताछ करने पर आरोपी ने बताया कि 4 किलो 198 ग्राम अवैध गांजा और एक्टिवा वाहन को जब्त किया गया। गांजा की कीमत करीब 2 लाख रुपए आंकी गई है। आरोपी के पास से बिक्री रकम 300 भी बरामद किया है। दुर्ग पुलिस आम नागरिकों से अपील करती है कि अपने आसपास में अवैध रूप से गांजा का कारोबार अथवा किसी भी संदिग्ध गतिविधि को तुरंत पुलिस को सूचना दे।

### लाखों रुपए का गांजा के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई।** गांजा तस्करी करते दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। नंदिनी पुलिस ने बताया कि ग्राम मुरमुंदा आम रोड में अवैध वस्तुओं के परिवहन की रोकथाम वाहन चेकिंग चल रहा था। तभी सूचना मिली कि सीजी 04 एमजी 0156 में सवार दो युवक गांजा का परिवहन कर रहे हैं। पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ा गया। पूछताछ में ग्राम सरोरा, थाना उरला, जिला रायपुर निवासी सन्नी साहू उर्फ माया, त्रिलोचन साहू उर्फ जय प्रकाश बताया है। युवकों के पास से पुलिस ने 5.189 किलोग्राम गांजा जिसकी कीमत 2.50 लाख रुपए आंकी गई। बाइक 30 हजार रुपए का जब्त किया है। आरोपियों को गिरफ्तार कर दोनों को न्यायालय में पेश किया गया।

### आरक्षक ने फर्जी दस्तावेज किया पेश, अपराध दर्ज

**भिलाई।** फर्जी दस्तावेज पेश कर केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल में आरक्षक की नौकरी पाने वाले के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। उतई पुलिस ने बताया कि वर्ष 2025 में एसएससी आरक्षक के पद पर मोहित ने भर्ती स्थल भेल ग्राउंड भोपाल एमपी दस्तावेज पेश किया था। जिसमें जांच के दौरान उसका जाति, निवास प्रमाण पत्र का सत्यापन करने पर दस्तावेज फर्जी निकला। उप महानिरीक्षक कार्यालय केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल गृह मंत्रालय आरटीसी भिलाई ने जिसकी शिकायत उतई पुलिस से की गई। पुलिस ने मोहित के दस्तावेज जांच के बाद फर्जी पाए गए। अभ्यर्थी मोहित ने अपना जाति प्रमाण पत्र कुटरचित, फर्जी पाया गया। एसएससी आरक्षक जीडी भर्ती 2025 के तहत केऔसुब में आरक्षक जीडी पद पर नियुक्त बल संख्या 260715881 भुतपूर्व आरक्षक जीडी मोहित के द्वारा भोपाल में शारीरिक दक्षता टेस्ट एवं शारीरिक मेजरमेंट टेस्ट संपूर्ण दस्तावेज जमा कराया। सभी टेस्ट में पास होने के बाद मोहित को आरटीसी भिलाई उतई भेजा गया। आरटीसी में बुनियादी ट्रेनिंग प्राप्त कर रहा था।

### कंपनी से लाखों रुपए का गबन दो कर्मी के खिलाफ अपराध दर्ज

**भिलाई।** कंपनी से लाखों रुपए का गबन करने का मामला सामने आया है। शिकायत के बाद पुलिस ने कंपनी के दो कर्मियों के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। पदमनाभपुर पुलिस ने बताया कि पदमनाभपुर निवासी सविता श्रीवास्तव ने बताया कि पिता स्व. राजेन्द्र कुमार श्रीवास्तव की स्वास्तिक इण्डस्ट्रीयल एड का संचालन करते थे। जिनका निधन 8 अप्रैल 2026 को हो गया है। पिता के कंपनी मे सेल्स एवं मार्केटिंग डिपार्टमेंट के कर्मी चाणक्य साहू और अकाउण्टेन्ट संतोष ठाकरे के द्वारा पिता के निधन के बाद अंतिम कार्यक्रम के समय व्यावसायिक मित्र प्रदीप जैन ताराचंद रमेश कुमार नामक फर्म के संचालक है। पिताजी का अक्सर इनके साथ व्यावसायिक लेन-देन होते रहता था।

# कभी भी गिर सकता है स्कूल का जर्जर प्रवेश द्वार, नए सत्र में बच्चों की सुरक्षा पर उठे सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरला

नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत के साथ ही जहां शासकीय और निजी विद्यालयों में पढ़ाई-लिखाई का माहौल बनना शुरू हो गया है, वहीं बेमेतरा जिले के बेरला विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत देवादा स्थित शासकीय माध्यमिक शाला की जर्जर स्थिति चिंता का विषय बन गई है। विद्यालय के मुख्य प्रवेश द्वार पर सीमेंट की परत उखड़ने लगी है और कई स्थानों पर गहरी दरारें दिखाई दे रही हैं, जिससे विद्यार्थियों की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। विद्यालय का यह प्रवेश द्वार प्रतिदिन सैकड़ों छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों के आवागमन का प्रमुख मार्ग है। ऐसे में उसकी खराब होती स्थिति किसी भी समय बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकती है। वर्तमान में बरसात का मौसम शुरू हो चुका है। तेज बारिश और हवाओं के बीच जर्जर हो चुके ढांचे के गिरने की आशंका से अभिभावकों एवं ग्रामीणों में चिंता बढ़ गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रवेश द्वार की स्थिति काफी समय से खराब है, लेकिन अब तक इसकी मरम्मत या पुनर्निर्माण की दिशा में कोई ठोस पहल नहीं की गई। लगातार सीमेंट झड़ने और दरारें बढ़ने से यह स्पष्ट हो रहा है कि समय रहते आवश्यक मरम्मत नहीं कराई गई तो कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। विशेष बात यह है कि यह विद्यालय का मुख्य प्रवेश द्वार ग्राम पंचायत भवन के ठीक सामने स्थित है, बावजूद इसके जिम्मेदार अधिकारियों का इस ओर ध्यान नहीं जाना सवालों के घेरे में है। ग्रामीणों का कहना है कि बच्चों की सुरक्षा से जुड़े ऐसे मामलों में प्रशासन को तत्काल संवेदनशीलता दिखाते हुए आवश्यक कार्रवाई करनी चाहिए।

## अनुदान जारी, जल्द कराया जाएगा मरम्मत कार्यः बीईओ




### शाला अनुदान राशि जारी हो चुकी

इस संबंध में बेरला विकासखंड शिक्षा अधिकारी जयप्रकाश करमाकर ने बताया कि विद्यालयों के लिए शाला अनुदान राशि जारी हो चुकी है। इसी मद से देवादा माध्यमिक शाला के मुख्य प्रवेश द्वार की मरम्मत का कार्य प्राथमिकता के आधार पर जल्द कराया जाएगा, ताकि विद्यार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा या खतरे का सामना न करना पड़े। नए शिक्षा सत्र में बच्चों की सुरक्षित पढ़ाई सुनिश्चित करना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। ऐसे में विद्यालय भवन एवं प्रवेश द्वार जैसी मूलभूत संरचनाओं की समय पर मरम्मत कराना आवश्यक है, ताकि किसी भी संभावित दुर्घटना से पहले ही खतरे को टाला जा सके।


## बिजली फिर महंगी : उपभोक्ताओं पर बढ़ेगा आर्थिक बोझ

# जून के बिल में लगेगा 11.23% एफपीपीएएस शुल्क बिजली उपभोक्ताओं पर बढ़ेगा अतिरिक्त भार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले के बिजली उपभोक्ताओं को जुलाई में मिलने वाले जून माह के बिजली बिल में महंगाई का एक और झटका लगने वाला है। राज्य विद्युत वितरण कंपनी ने मई माह की बिजली खपत पर 11.23 प्रतिशत एफपीपीएएस (फ्यूल एंड पावर परचेज प्राइस एडजस्टमेंट सरचार्ज) लागू किया है। यह पिछले माह के 9.13 प्रतिशत शुल्क की तुलना में करीब दो प्रतिशत अधिक है। ऐसे में घरेलू, व्यावसायिक और औद्योगिक सभी श्रेणी के उपभोक्ताओं को सामान्य बिजली बिल के साथ अतिरिक्त राशि भी चुकानी पड़ेगी।

इतना ही नहीं, उपभोक्ताओं की राहत की कोई संभावना भी फिलहाल नजर नहीं आ रही है। अगस्त में जारी होने वाले जुलाई माह के बिजली बिल में भी एफपीपीएएस शुल्क वसूला जाएगा। इसके साथ ही नया बिजली टैरिफ लागू होने की संभावना है, जिससे बिजली दरों में और वृद्धि हो सकती है। यानी आने वाले महीनों में बिजली उपभोक्ताओं की जेब पर दोहरी मार पड़ने की आशंका है। बिजली कंपनियों द्वारा हर माह ईंधन एवं बिजली खरीद लागत के आधार पर एफपीपीएएस शुल्क तय किया जाता है। इसी वजह से अब हर महीने बिजली बिल की राशि बदल रही है। इस वर्ष जनवरी में जारी दिसंबर माह के बिल में कुल 13.64 प्रतिशत एफपीपीएएस वसूला गया था। इसके बाद फरवरी में उपभोक्ताओं को पुराना और नया दोनों शुल्क मिलाकर अतिरिक्त भुगतान करना पड़ा। मार्च में यह शुल्क घटकर 5.91 प्रतिशत, अप्रैल में 4.24 प्रतिशत और मई में 3.98 प्रतिशत रह गया था। जून में यह बढ़कर 9.13 प्रतिशत पहुंचा और अब जुलाई के बिल में यह 11.23 प्रतिशत कर दिया गया है।



### बाहरी बिजली खरीद बनी वजह

बिजली कंपनी के अधिकारियों के अनुसार इस बार एफपीपीएएस शुल्क बढ़ने का मुख्य कारण भीषण गर्मी के दौरान बिजली की रिकॉर्ड मांग और बाहरी स्रोतों से महंगी दरों पर बिजली खरीदना है। गर्मी के मौसम में प्रदेश में बिजली की मांग करीब 7 हजार मेगावाट तक पहुंच गई। वहीं, कोरबा स्थित 210-210 मेगावाट क्षमता वाले दो उत्पादन संयंत्र लंबे समय तक बंद रहने से राज्य का बिजली उत्पादन प्रभावित हुआ। वर्तमान में भी एक संयंत्र बंद होने के कारण बिजली उत्पादन पूरी क्षमता से नहीं हो पा रहा है, जिसके चलते महंगी बिजली खरीदने की नौबत आई और इसका अतिरिक्त भार एफपीपीएएस के रूप में उपभोक्ताओं पर डाला गया।

### लेट पेमेंट पर मिली आंशिक राहत

हालांकि बिजली उपभोक्ताओं को एक छोटी राहत भी दी गई है। अब निर्धारित तिथि के बाद बिजली बिल जमा करने पर पूरे महीने का लेट पेमेंट सरचार्ज नहीं देना होगा। उपभोक्ता जितने दिन की देरी से भुगतान करेगा, केवल उतने दिनों का ही विलंब अधिभार लिया जाएगा। इससे विशेष रूप से उन उपभोक्ताओं को राहत मिलेगी, जिनका भुगतान एक-दो दिन की देरी से होता है। एफपीपीएएस शुल्क में लगातार हो रही बढ़ोतरी और नए टैरिफ की संभावित घोषणा से बेमेतरा जिले के हजारों घरेलू, कृषि, व्यावसायिक और औद्योगिक उपभोक्ताओं का मासिक बिजली खर्च बढ़ना तय माना जा रहा है। महंगाई के दौर में बिजली बिल में लगातार बढ़ते अतिरिक्त शुल्क ने आम उपभोक्ताओं की चिंता और बढ़ा दी है। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि बिजली उत्पादन सामान्य नहीं हुआ और बाहरी खरीद जारी रही, तो आने वाले महीनों में भी उपभोक्ताओं को महंगे बिजली बिलों का सामना करना पड़ सकता है।

# देवरबीजा पुलिस की कार्रवाई, गौवंश तस्करी के आरोप में चार गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

■ पिकअप से 5 बछड़ों को क्रूरतापूर्वक ले जाते पकड़ा, वाहन जब्त; चारों आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया

जिले की देवरबीजा चौकी पुलिस ने गौवंश तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने एक पिकअप वाहन से पांच बछड़ों को अमानवीय तरीके से ठूंस-ठूंसकर ले जाते हुए बरामद किया। मामले में गौवंश और घटना में प्रयुक्त पिकअप वाहन को जब्त कर आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर न्यायालय में पेश किया गया। पुलिस के अनुसार, देवरबीजा निवासी रोमन (36) ने 30 जून 2026 को रिपोर्ट दर्ज कराई कि 29 जून की रात करीब 8:30 बजे वह अन्नपूर्णा कृषि केंद्र के पास बैठा था। इसी दौरान कोदवा की ओर से तेज रफ्तार में आ रही पिकअप (सीजी-09-जेटी-6387) को रोककर देखा गया। वाहन में पांच बछड़ों को बेहद क्रूरता के साथ ठूंसकर भरा गया था। उन्हें न तो चारा दिया गया था और न ही पानी। प्रारंभिक पूछताछ में वाहन में सवार लोगों ने बताया कि वे गौवंश को कत्लखाने ले जा रहे थे। रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम, 2004 की धारा 4, 6 एवं 10 तथा पशुओं के प्रति क्रूरता निवारण अधिनियम, 1960 की धारा 11(क) एवं 11(घ) के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू की। विवेचना के दौरान पुलिस ने पांचों बछड़ों को सुरक्षित बरामद कर पिकअप वाहन जब्त किया। मामले में बलराम वर्मा (49), होम सिंह वर्मा (45), घुर सिंह वर्मा (30) तथा राजेन्द्र वर्मा (52), सभी निवासी थाना सहसपुर लोहारा, जिला कबीरधाम को 30 जून को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया। इस कार्रवाई में चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक योगेश अग्रवाल, प्रधान आरक्षक नंदलाल चतुर्वेदी, नरेंद्र ठाकुर, अवधेश सिंह तथा आरक्षक मुकेश सिंह, रवि साहू, छोटूराम टेम्बुकर, पुरुषोत्तम पटेल, साबित गोयल सहित देवरबीजा चौकी के समस्त स्टाफ की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# अकेली बुजुर्ग महिला से 3.60 लाख का मंगलसूत्र लूटने वाले आरोपी 24 घंटे में गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज. बेमेतरा/थान खम्हरिया

थाना खम्हरिया क्षेत्र के ग्राम गड़वा में 70 वर्षीय अकेली बुजुर्ग महिला से दिनदहाड़े हुई लूट की सनसनीखेज वारदात का पुलिस ने 24 घंटे के भीतर खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। मुख्य आरोपी गांव का ही निवासी निकला, जिसने नींबू तोड़ने के बहाने घर में प्रवेश कर महिला के गले से करीब 30 ग्राम वजनी सोने का मंगलसूत्र, जिसकी कीमत लगभग 3.60 लाख रुपये बताई गई है, लूट लिया। विरोध करने पर आरोपी ने महिला का गला दबाकर हत्या का प्रयास भी किया। पुलिस ने लूटा गया आभूषण बरामद कर दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार ग्राम गड़वा निवासी पार्वती धनुक (70) घर में अकेली रहती हैं। सोमवार 30 जून की शाम करीब 4 बजे गांव का युवक आनंद सेन (22) नींबू तोड़ने का बहाना बनाकर उनके घर पहुंचा। महिला उसे बचपन से जानती थी, इसलिए उसने बिना संदेह के घर में प्रवेश करने दिया।

■ नींबू तोड़ने के बहाने घर में घुसा युवक, विरोध पर गला दबाकर हत्या का किया प्रयास

अंदर पहुंचते ही आरोपी ने दरवाजा बंद कर दिया और महिला के गले में पहना सोने का मंगलसूत्र देखकर उसकी नीयत बदल गई। आरोपी ने झपट्टा मारकर मंगलसूत्र छीनने का प्रयास किया। महिला द्वारा विरोध करने और शोर मचाने पर उसने उन्हें जमीन पर गिराकर दोनों हाथों से गला दबा दिया। महिला के अचेत होने की स्थिति में पहुंचते ही आरोपी मंगलसूत्र लेकर पीछे के रास्ते से फरार हो गया। कुछ देर बाद होश आने पर महिला ने पड़ोसियों को घटना की जानकारी दी, जिसके बाद डायल-112 और पुलिस को सूचना दी गई।



### दोस्त के पास छिपाया था लूटा गया मंगलसूत्र

घटना की सूचना मिलते ही डीआईजी कृष्णकुमार साहू के निर्देशन में थाना प्रभारी ओंकार साहू के नेतृत्व में पुलिस टीम ने तत्काल जांच शुरू की। जांच के दौरान पता चला कि आरोपी आनंद सेन लूट के बाद देवरबीजा निवासी अपने मित्र धर्मेंद्र निर्मलकर (18) के पास पहुंचा और पांच हजार रुपये लेकर लूटा गया मंगलसूत्र उसके पास रखवा दिया। पुलिस ने देर रात मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर उसकी निशानदेही पर मंगलसूत्र बरामद कर लिया। चोरी का माल छिपाने के आरोप में धर्मेंद्र निर्मलकर को भी सह-आरोपी बनाया गया। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) ▶▶| शेष पेज 11 पर

# जून महीने के आखिरी दिन शाम 7 बजे खुली राशन दुकान!

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

■ कई राशन कार्ड धारी राशन लेने से हुए वंचित

बेमेतरा विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत रामपुर में सार्वजनिक वितरण प्रणाली (PDS) की कार्यशैली पर ग्रामीणों ने गंभीर सवाल खड़े किए हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि महीने के अंतिम दिन राशन दुकान शाम करीब 7 बजे खोली गई और लोगों से कहा गया कि जो आया, वो पाया।

संचालक के इस लापरवाही का खामियाजा ग्रामीणों को भुगतना पड़ा और कई ग्रामीण राशन लेने से वंचित रह गए। कई राशन कार्ड धारकों ने पिछले 2 महीनों से शक्कर नहीं मिलने की बात भी कहीं। जब हितग्राहियों ने इसकी वजह पूछी तो उन्हें जवाब दिया गया कि आपके कार्ड में शक्कर नहीं आई है। मामले को लेकर ग्राम पंचायत रामपुर के सरपंच अविनाश मानिकपुरी से भी ग्रामीणों ने कई बार गुहार लगाई। लेकिन उनके द्वारा भी कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। आलम ये है कि राशन दुकान का संचालन कौन कर रहा है, इसकी जानकारी तक अधिकांश लोगों को नहीं रहती। बताया जा रहा है कि दुकान का संचालन करने वाले व्यक्ति बार-बार बदलते रहते हैं और लगभग हर तीन-चार महीने में नया संचालक आ जाता है। वर्तमान में राशन दुकान का संचालन संतोष सप्रे द्वारा किए जाने की बात सामने आई है। खाद्य मंत्री के निर्वाचन क्षेत्र में ही राशन व्यवस्था बेपटरी! ग्राम पंचायत रामपुर छत्तीसगढ़ शासन के खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल के निर्वाचन क्षेत्र ▶▶| शेष पेज 11 पर



### पूर्व में ग्रामीण कर चुके हैं चुनाव बहिष्कार

लोकसभा चुनाव के दौरान ग्राम पंचायत रामपुर के ग्रामीणों ने सड़क, पानी और अन्य मूलभूत सुविधाओं के अभाव का आरोप लगाते हुए चुनाव बहिष्कार का ऐलान किया था। चुनाव के समय गांव की समस्याएं सुर्खियों में रहीं, लेकिन ग्रामीणों का कहना है कि आज भी हालात में अपेक्षित सुधार दिखाई नहीं दे रहा है। अब राशन वितरण व्यवस्था को लेकर उठे सवालों ने प्रशासनिक दावों पर भी प्रश्नचिह्न लगा दिया है।

### म्यूल खाता केस में 15 हिरासत में आठ को नोटिस देकर छोड़ा

**भिलाई।** साइबर ठगी के मामले में पुलिस ने 23 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की है। एएसपी मणीशंकर चंद्रा ने बताया कि म्यूल खातों में अवैध रूप से लेनदेन कर ठगी करने वाले पुलिस ने 15 को हिरासत में लिया है। वहीं 8 को नोटिस देकर छोड़ दिया गया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से मोबाइल, एटीएम कार्ड, बैंक पासबुक, चेकबुक, आधार कार्ड, बैंकिंग से जुड़े अन्य दस्तावेज भी बरामद किए गए है। घटना छावनी थाना क्षेत्र का है। पुलिस ने बैंक खातों की जानकारी, तकनीकी इनपुट और अन्य सुरागों के आधार पर जांच करना शुरू किया।

## शासन ने बदले वितरण नियम, डीएपी और एनपीके की कमी बनी चुनौती

# यूरिया वितरण पर एकड़वार सीमा खत्म किसानों को जरूरत के अनुसार मिलेगा खाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

खरीफ सीजन के बीच किसानों के लिए राहत भरी खबर है। छत्तीसगढ़ शासन ने रासायनिक खाद वितरण के नियमों में बड़ा बदलाव करते हुए यूरिया वितरण पर लगी एकड़वार सीमा समाप्त कर दी है। अब किसानों को उनकी आवश्यकता और पिछले खरीफ सीजन में प्राप्त मात्रा के आधार पर यूरिया उपलब्ध कराया जाएगा।

हालांकि डीएपी और एनपीके खाद की कमी अब भी किसानों के लिए चिंता का विषय बनी हुई है। कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी विभाग के संशोधित निर्देशों के अनुसार प्रदेश में यूरिया की पर्याप्त उपलब्धता को देखते हुए सभी पूर्व प्रतिबंध हटा दिए गए हैं। नए नियम लागू होने के बाद पात्र किसानों को जरूरत के अनुसार यूरिया मिलेगा, जिससे बुवाई और फसलों की देखरेख में राहत मिलने की उम्मीद है।



**एकमुश्त या चरणबद्ध मिलेगा यूरिया :** नई व्यवस्था के तहत सहकारी समितियों में उपलब्ध स्टॉक के अनुसार किसानों को एकमुश्त या चरणबद्ध तरीके से यूरिया वितरित किया जाएगा।

यदि किसी समिति में अस्थायी रूप से स्टॉक कम होता है तो नया स्टॉक पहुंचते ही शेष मात्रा संबंधित किसान को उपलब्ध करा दी जाएगी।

### अधिकारियों को निगरानी के निर्देश

जिले में खाद संकट की शिकायतों को देखते हुए शासन ने जिला कलेक्टरों और कृषि विभाग के अधिकारियों को सहकारी समितियों की लगातार निगरानी करने के निर्देश दिए हैं, ताकि किसानों को खाद उपलब्ध कराने में किसी प्रकार की परेशानी न हो।

### डीएपी और एनपीके की कमी से किसान परेशान

किसानों का कहना है कि वर्तमान समय में बुवाई के लिए डीएपी और एनपीके खाद की सबसे अधिक आवश्यकता है, लेकिन जिले में इनकी पर्याप्त उपलब्धता नहीं है। मांग की तुलना में काफी कम डीएपी मिलने से किसानों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उनका कहना है कि यूरिया की जरूरत बाद के चरण में होती है, जबकि फिलहाल बुवाई के लिए डीएपी और एनपीके की व्यवस्था सबसे जरूरी है।

**डीजल महंगा होने से बढ़ी खेती की लागतः** इधर डीजल और पेट्रोल की कीमतों में वृद्धि ने भी किसानों की चिंता बढ़ा दी है। खेतों की जुताई, बुवाई और सिंचाई में डीजल की खपत अधिक होने से खेती की लागत बढ़ रही है, जिससे किसानों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है।

## खबर संक्षेप

### 172 आवासों का आबंटन 3 जुलाई तक करें आवेदन

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी 2.0) के तहत एएचपी घटक के अंतर्गत आवास आवंटन हेतु पात्र हितग्राहियों से 3 दिनों के भीतर आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। शासन को भेजे गए कुल 4,372 आवासों के प्रस्ताव में से 4,200 आवास व्यवस्थापन के लिए आरक्षित किए गए हैं। शेष 172 आवासों पर सामान्य पात्र आवेदकों की भर्ती की जानी है। इस विज्ञप्ति के जारी होने की तिथि से आगामी 3 दिवस 3 जुलाई तक जोन 3 कार्यालय एवं मुख्य कार्यालय, नगर पालिक निगम, भिलाई में आवेदन कर सकते हैं। आवेदक प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी 2.0) के निर्धारित मापदंडों को पूरा करता हो। भिलाई नगर निगम क्षेत्र का मूल निवासी होना अनिवार्य है। आवेदक के पास स्वयं का पक्का मकान नहीं होना चाहिए। आवश्यक दस्तावेजों में आधार कार्ड एवं राशन कार्ड, आय प्रमाण पत्र / जाति प्रमाण पत्र (यदि लागू हो) बैंक पासबुक की छायाप्रति, निवासरत होने का प्रमाण पत्र और पासपोर्ट साइज फोटो लाना है। निर्धारित समय-सीमा 3 जुलाई के पश्चात प्राप्त होने वाले आवेदनों पर किसी भी परिस्थिति में विचार नहीं किया जाएगा। रिक्त सीटें सीमित होने के कारण आवंटन प्रक्रिया नियमानुसार पूर्ण की जाएगी।

### 21 से 23 अगस्त तक विशेष लोक अदालत

**दुर्ग।** उच्चतम न्यायालय, भारत द्वारा न्याय को जनसामान्य तक सुलभ, सरल एवं सहभागी स्वरूप में उपलब्ध कराने की अभिनव पहल समाधान समारोह, 2026 के अंतर्गत समापन चरण में 21, 22 एवं 23 अगस्त को विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इस विशेष लोक अदालत का मुख्य उद्देश्य माननीय उच्चतम न्यायालय में लंबित प्रकरणों का आपसी सहमति, संवाद एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्वरित एवं प्रभावी निराकरण सुनिश्चित करना है, ताकि पक्षकारों को सहज, मानवीय एवं सुलभ न्याय प्राप्त हो सके

# टाउनशिप की बसाहट बचाने जन-जन तक पहुंचे विधायक देवेंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई नगर के विधायक देवेंद्र यादव ने भिलाई टाउनशिप की बसाहट और शहर की पहचान को सुरक्षित रखने के उद्देश्य से सोमवार को भिलाई की बसाहट बचाओ जनसंपर्क अभियान की शुरुआत सेक्टर-2 से की। अभियान के पहले दिन उन्होंने पार्षदों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ घर-घर पहुंचकर लोगों से मुलाकात की। उनकी समस्याओं से अवगत हुए और टाउनशिप को बचाने की इस मुहिम में सहयोग और समर्थन देने की अपील की।

उन्होंने कहा कि बीएसपी प्रबंधन द्वारा टाउनशिप में रहने वाले लोगों को नोटिस भेजे जा रहे हैं।

साथ ही सेक्टर-9 अस्पताल सहित बीएसपी क्षेत्र की बसाहट को कमजोर कर निजी हाथों में सौंपने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि भिलाई की पहचान और वर्षों से बसे परिवारों के भविष्य पर किसी भी प्रकार का संकट स्वीकार नहीं किया जाएगा। यह किसी राजनीतिक दल नहीं, बल्कि पूरे भिलाई के अस्तित्व और सम्मान की लड़ाई है। उन्होंने कहा कि सभी नागरिकों को धर्म, जाति और राजनीतिक विचारधारा से ऊपर उठकर एकजुट होना होगा।

### सेक्टर-2 से शुरू किया जनसंपर्क अभियान



#### बैठक में लगातार संघर्ष का वादा

अभियान के तहत सेक्टर-2 के वार्ड-56, सड़क-15 तथा वार्ड-55, सड़क-12 में बैठकें आयोजित की गईं। विधायक ने स्थानीय नागरिकों से संवाद कर उनकी परेशानी को सुना और भरोसा दिलाया कि उनके अधिकारों और भिलाई की बसाहट की रक्षा के लिए हर स्तर पर संघर्ष किया जाएगा। अभियान में पार्षद साधना सिंह, विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र परघनिया, सौरभ मिश्रा,रमाकांत देशलहरे, सेक्टर-4 के राजेश चौधरी, सेक्टर-3 के पार्षद सुरेश वर्मा, हरिश सिंह,साधना सिंह,नोमिन साहू , संजय राठी, सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि और स्थानीय नागरिक शामिल हुए। विधायक यादव ने कहा कि अभियान आगे भी हर सेक्टर हर घर तक पहुंचेगा। वे लोगों से लगातार मिलकर करेंगे और सभी के सहयोग से भिलाई की बसाहट, सेक्टर-9 अस्पताल तथा शहर की विरासत को बचाने की लड़ाई मजबूती से लड़ेंगे।

## महापौर पर लगाए भ्रष्टाचार के आरोप, भिलाई के उप नेता प्रतिपक्ष हुए चोटिल

# भिलाई-चरोदा निगम में कमीशनखोरी और पेयजल समस्या को लेकर भाजपा का हल्ला बोल, उग्र प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई-चरोदा में कमीशनखोरी जोरों पर रहने और विकास कार्य रुके होने को लेकर भाजपा ने महापौर और आयुक्त के खिलाफ हल्लाबोल प्रदर्शन किया। विरोध के दौरान न सिर्फ भिलाई चरोदा, बल्कि रायपुर, भिलाई, दुर्ग और कई अन्य जगहों से भाजपा नेता शामिल रहे। प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए पुलिस ने बेरीकेट्स लगाकर सुरक्षा घेरा बनाया था, लेकिन भाजपाइयों ने सुरक्षा घेरा को भी तोड़ने का प्रयास किया। इस दौरान भिलाई के उप नेता प्रतिपक्ष दया सिंह के पैसे में चोट आई। इसके बाद अस्पताल जाकर उन्होंने प्राथमिक उपचार कराया।

प्रदर्शन के दौरान पुलिस ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए थे। सैकड़ों की संख्या में पुलिस कर्मी तैनात थे। उन्होंने प्रदर्शन के दौरान भाजपा नेताओं को निगम के भीतर जाने से रोका। इस दौरान भाजपाईयों ने बेरीकेट्स के ऊपर चढ़कर शहर सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन के दौरान भाजपा नेताओं ने मंगल भवन भिलाई तीन के सामने मंच बनाकर निगम भिलाई तीन के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर विरोध जताया। कांग्रेस की शहर सरकार पर भाजपाईयों ने जमकर अपना विरोध प्रकट कर नगर के विभिन्न समस्याओं का हल नहीं का आरोप लगाया और निगम को प्रदेश का सबसे घटिया निगम करार दिया। विरोध में भिलाई जिला के सभी भाजपाई समेत भिलाई-चरोदा मंडल के कार्यकर्ता भी प्रदर्शन में शामिल हुए। प्रदर्शनकारियों ने नगर निगम प्रशासन आम जनता की समस्याओं को नहीं सुनती है। भाजपाईयों ने निगम को आडे. हाथ लेते हुए कहा कि क्षेत्र में सड़क, नाली, स्वच्छता, पेयजल, स्ट्रीट लाइट समेत कई मूलभूत सुविधाओं की स्थिति काफी बेकार है। बीते चार वर्षो में सिर्फ यही काम यहां किया गया है। इसके चलते विकास पूरी तरह वार्डो में रुक गया है। हर वार्डो में पेयजल, बिजली समेत कई समस्याओं से लोग जुझ रहें है। निगम में हर विकास कार्यो में भ्रष्टाचार एवं अनियमितता साफ झलक रहा है। भाजपाईयों ने चेतावनी दी कि यदि नगरवासियों की समस्याओं का शीघ्र निराकरण नहीं करने पर आने वाले समय में बड़ा आंदोलन छेड़ा जाएगा। इसकी सारी जिम्मेदारी निगम प्रशासन की होगी।

### सड़को का जीर्णोद्धार तक नहीं, सफाई व्यवस्था है बेकार



### प्रदर्शन के दौरान ये भाजपाई रहे मौजूद



प्रदर्शन के दौरान भाजपा से जिला प्रभारी रामजी भारती, भाजपा भिलाई जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन , नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिन्हा, दया सिंह, महेश वर्मा, मनीष अग्रवाल, विधायक प्रतिनिधि सतीश साहू, दिलीप पटेल, गोपाल मेहता, खिलावन साहू, ललित मोहन, प्रमुनाथ मिश्रा, डॉ. राधेश्याम वर्मा, रविशंकर सिंह, चंद्रकांता मांडले, स्वीटी कौशिक, विशाल चंद्राकर, वरुण यादव, ए गौरी शंकर, राम खिलावन वर्मा, चंद्र प्रकाश पांडे, तुलसी ध्रुव, विपिन चंद्राकर, प्रेमलाल साहू, सीता साहू, श्याम सुंदर जायसवाल, पूर्णिमा ठाकुर, फिरोज फारुकी, कुसुम चंद्राकर, गुरु चरण सिंह, राकेश बंछोर, अपर्णा दास गुप्ता, नंदिनी जांगड़े, सत्यप्रकाश शर्मा, तुशांत वर्मा, रवि नाहर, बाल मुकुंद वर्मा, तेजस कुमार समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

### कई वार्ड आज भी अंधेरे में

प्रदर्शनकारियों में पूर्व पार्षद राजेन्द्र सोनी ने कहा कि भिलाई-चरोदा निगम के वार्डो में स्ट्रीट लाइट लाइट नहीं जलती है। निगम के पास पोल में लगाने के क्लेम तक नहीं है। इसके अलावा कई पोल में खराब सीएफएल लगा हुआ है। उसे रिपेयर करके चलाया जा रहा है। जो सप्ताह भर चलने के बाद फिर खराब हो जाता है। इसे लेकर वार्ड के लोगों द्वाका निगम प्रशासन को कई बार शिकायत कर चुके है। लेकिन अपडेट आज तक नहीं हो पाया है।निगम की बिजली व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। आम लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ये निगम प्रशासन की घोर लापरवाही है।

### पेयजल को लेकर बड़ी दिक्कत

चरोदा मंडल अध्यक्ष ए गौरीशंकर राव ने बताया कि निगम में अर्से से पेयजल समस्या से जनता जूझ रही है। भरी गर्मी में कई जगहों पर टैंकरों से पेयजल उपलब्ध कराया गया, लेकिन स्थायी निदान आज तक नहीं हुआ। लाखों की आबादी वाले भिलाई-चरोदा क्षेत्र में 40 वार्ड हैं, इन वार्डों में जनता को पेयजल समस्या से लगातार जूझना पड़ता है। इसके अलावा विकास कार्यों को छोड़कर सिर्फ कमीशनखोरी के चलते ही यहां विकास कार्य नहीं हो पा रहा है। विकास के नाम पर सिर्फ यहां खानापूर्ति की जा रही है।

### महापौर ने दी अपराध दर्ज कराने की धमकी

ब्लाक संगठन द्वारा अपराध दर्ज कराया जाएगा। उन्होने मंगल भवन के सामने खाली पड़ी जगह को लेकर प्रशासन को आवेदन दिया था, लेकिन भाजपाईयों ने सड़क पर टेंट गाड़कर प्रदर्शन किया गया। इससे मार्ग से निगम के वाहन, स्कूली बच्चों का आना जाना बाधित हुआ है। 48 घंटे के भीतर उनके खिलाफ अपराध दर्ज कराया जाएगा। अगर अपराध दर्ज नहीं हुआ तो ब्लाक कांग्रेस कमेटी धरना देकर उग्र प्रदर्शन करेगी।

**निर्मल कोसरे,** महापौर नपानि भिलाई-चरोदा

### अशोभनीय घटना से दुर्ग के मोहन बाल मंदिर परिसर की सुरक्षा एवं निगरानी व्यवस्था पर उठे सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

शहर में लगातार सामने आ रही अप्रिय घटनाओं के बीच शासकीय भवनों की सुरक्षा, रखरखाव और निगरानी व्यवस्था को लेकर स्थानीय स्तर पर सवाल उठने लगे हैं। दुर्ग शहर के गंजपारा वार्ड 36 स्थित मोहन बाल मंदिर परिसर को लेकर स्थानीय नागरिकों ने गंभीर चिंता व्यक्त की हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार मोहन बाल मंदिर परिसर में छोटे बच्चों के लिए स्कूल संचालित होता है। जहां लगभग 40 बच्चे अध्ययन करते हैं। बताया गया कि बीती रात्रि परिसर में गौवंश के साथ कथित रूप से अशोभनीय घटना सामने आई है। घटना से लोगों में भारी आक्रोश का माहौल है। घटना की शिकायत कोतवाली पुलिस थाना पहुंचने पर पुलिस हरकत में आ गई। मामले में एक युवक को हिरासत में भी लिया गया है। घटना को स्थानीय लोगों ने गंभीर एवं निंदनीय बताया है। स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि इस प्रकार की घटनाओं के पीछे परिसर की सुरक्षा और देखरेख में कमी एक बड़ा कारण हो सकती है। उनके अनुसार परिसर के मुख्य द्वार पर नियमित रूप से ताला नहीं लगाया जाता। भवन के कई कमरे खुले रहते हैं। परिसर में पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था और चौकीदार की व्यवस्था नहीं है। स्थानीय लोगों ने यह भी आरोप लगाया कि मोहन बाल मंदिर परिसर के कुछ कमरों में पिछले कई वर्षों से राशन दुकान संचालित की जा रही है।

### विस प्रश्नों के उत्तर भेजने में सहयोग के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ विधानसभा का षष्ठम विधानसभा के दशम सत्र 13 से होकर 17 जुलाई तक आयोजित है। कलेक्टर अभिजीत सिंह ने प्रश्नों के उत्तर तैयार करने के लिये अधिकारियों से सामंजस्य स्थापित कर जवाब भेजने के लिये जिला कार्यालय दुर्ग हेतु नोडल एवं सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। अपर कलेक्टर वीरेन्द्र सिंह को नोडल तथा डिप्टी कलेक्टर उत्तम ध्रुव को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

## आईजी ने ट्रेनी उप निरीक्षकों और सूबेदारों को तकनीकी दक्षता को लेकर दी जानकारी

**भिलाई।** आईजी अभिषेक शांडिल्य ने ट्रेनी उपनिरीक्षको और सूबेदारों को तकनीकी जानकारी दी। यह कार्यक्रम पुलिस लाइन दुर्ग स्थित दधीचि सभागार में हुआ। आईजी ने कहा कि ट्रेनी की अवधि में प्रत्येक पुलिस अधिकारी के सम्पूर्ण सेवा जीवन की सबसे महत्वपूर्ण व आधारभूत अवस्था होती है। अर्जित ज्ञान, अनुशासन,कार्य संस्कृति ही भविष्य में उत्कृष्ट पुलिस अधिकारी बनने की नींव रखती है। ट्रेनिओं को सदैव शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ,सक्षम रहने, अनुशासन, ईमानदारी, संवेदनशीलता, निष्पक्षता के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने कानून सम्मत और पुलिसिंग को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में पुलिसिंग में तेजी से हो रहे तकनीकी परिवर्तनों का उल्लेख करते हुए सीसीटीएनएस, ऑनलाइन चालान प्रणाली, ई-साक्ष्य संकलन, ई-एफएसएल, समन्वय पोर्टल, मेडलीपार, नेटग्रिड सहित अन्य डिजिटल प्रणालियों के प्रभावी उपयोग करे। वैज्ञानिक अनुसंधान, गुणवत्तापूर्ण केस डायरी लेखन, समयबद्ध विवेचना, डिजिटल साक्ष्यों के संरक्षण, अभियोजन की गुणवत्ता, न्यायालयीन प्रक्रिया को मजबूत बनाने को लेकर मार्गदर्शन प्रदान किया। इस अवसर पर एसएसपी विजय अग्रवाल, एसएसपी एवं नोडल अधिकारी मणिशंकर चन्द्रा, सहायक नोडल अधिकारी, डीएसपी लाइन चंद्र प्रकाश तिवारी, रक्षित निरीक्षक नीलकंठ वर्मा समेत अन्य अधिकारी मौजूद थे।



### कानून के साथ-साथ तकनीक भी जरूरी

आईजी ने कहा कि सीसीटीएनएस, ऑनलाइन चालान प्रणाली, ई-साक्ष्य संकलन, ई-एफएसएल, समन्वय पोर्टल, मेडलीपार, नेटग्रिड समेत आधुनिक तकनीकी प्रणालियों के प्रभावी उपयोग,अनुसंधान की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए ट्रेनियों को मार्गदर्शन प्रदान किया। अधिकतम लाभ उठाते हुए व्यवहारिक ज्ञान, गुणवत्तापूर्ण लिखा-पढ़ी, अनुसंधान कौशल, न्यायालयीन कार्रवाई, वैज्ञानिक विवेचना तकनीकी दक्षता विकसित करने को कहा गया है। प्रत्येक प्रकरण में तथ्यों साक्ष्यों के आधार पर निष्पक्ष विवेचना करें, पीड़ित-केंद्रित पुलिसिंग को प्राथमिकता दें। आम नागरिकों के साथ संवेदनशील सकारात्मक व्यवहार बनाए रखें। उन्होंने कहा कि आधुनिक पुलिस अधिकारी को कानून के साथ-साथ तकनीक, व्यवहार, नेतृत्व क्षमता एवं प्रभावी संवाद कौशल में भी दक्ष होना जरुरी है।

### जिला सहकारी विकास समिति की बैठक संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

देश में सहकारिता मंत्रालय के स्थापना की 05 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 29 जून से सहकारी सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें प्रस्तावित गतिविधियों के अंतर्गत कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला सहकारी विकास समिति की बैठक आयोजित की गई।

कलेक्टर अभिजीत सिंह की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में सहकार से समृद्धि योजना अंतर्गत सहकारी समितियों के विस्तार हेतु रायशुमारी की गई। मत्स्य एवं दुग्ध समिति के गठन पर जोर देते हुए समितियों के विस्तार के साथ समिति सदस्यों को सक्षम बनाने हेतु विभागीय प्रयास करने के निर्देश दिये गये। बैठक में एडीएम वीरेन्द्र सिंह, जिला पंचायत के सीईओ बजरंग दुबे, उपायुक्त सहकारी संस्थाएं सतीश पाटले, उप संचालक मत्स्य सीमा चन्द्रवंशी, उप संचालक पशुपालन एवं दुग्ध विकास डॉ. वसीम सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# जनशिकायतों का करें त्वरित निराकरण : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग



कलेक्टर अभिजीत सिंह ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में अधिकारियों की बैठक में विभागवार समय-सीमा के लंबित आवेदनों की समीक्षा की। साथ ही लंबित आवेदनों का निराकरण समयावधि में करने के निर्देश दिये।

- कलेक्टर ने की समय-सीमा प्रकरणों की समीक्षा

उन्होंने मुख्यमंत्री जनदर्शन, कलेक्टर जनदर्शन, जन शिकायत पोर्टल के लंबित आवेदनों के निराकरण की जानकारी लेते हुए कहा कि जनशिकायत संबंधी आवेदनों का अधिकारी त्वरित निराकरण करना सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने जनशिकायत से संबंधित आवेदन लंबित होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए अधिकारियों को कड़ी फटकार लगायी। कलेक्टर श्री सिंह ने सीएम हेल्पलाइन अंतर्गत विभागों को प्राप्त आवेदनों की जानकारी ली। साथ ही एल-1 अधिकारी को समय-सीमा के भीतर प्रकरण निराकृत करने कहा। विभागीय अधिकारियों ने सीएम हेल्पलाइन अंतर्गत तकनीकी दिक्कतों से अवगत कराया। कलेक्टर श्री सिंह ने ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर को उच्च स्तर पर आवश्यक पहल करने के निर्देश दिये हैं।

कलेक्टर श्री सिंह ने ग्राम पंचायतों में राजस्व प्रकरण अविवादित, नामांतरण, बंटवारा पंजीयन की जानकारी ली। साथ ही पंचायत सचिवों द्वारा राजस्व प्रकरणों के पंजीयन उपरांत रिकार्ड दुरुस्ती पर जोर देते हुए एसएलआर को पंचायतों में पंजीकृत प्रकरणों के रिकार्ड दुरूस्ती कराने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने कहा कि शासकीय प्रयोजन हेतु विभागों को भू-आबंटन के लंबित प्रकरण होने पर संबंधित विभाग राजस्व विभाग को प्रकरण प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें ताकि भू-आबंटन की कार्यवाही में प्रगति लायी जा सके। कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग में एनएचएम एवं अन्य पदों पर भर्ती प्रक्रिया की जानकारी ली। उन्होंने सीएमएचओ को एनएचएम भर्ती काउंसलिंग तिथि पश्चात उसी दिन नियुक्ति आदेश जारी करने के निर्देश दिये। इसके अलावा शेष अन्य पदों पर भी भर्ती की प्रक्रिया पूर्ण कराने निर्देशित किया। कलेक्टर ने कहा कि जिले में अधोसंरचनात्मक निर्माण कार्यों को गति प्रदान करने विभागीय बेस लाइन सर्वे अंतर्गत नगरीय निकायों, जनपद पंचायतों से जानकारियां मंगायी जा रही है। संबंधित विभाग के अधिकारी अधीनस्थ अधिकारियों को उक्त जानकारी मय हस्ताक्षर के साथ संबंधित निकायों/जनपद को उपलब्ध कराने निर्देशित करें।

बैठक में एडीएम वीरेन्द्र सिंह, जिला पंचायत के सीईओ बजरंग दुबे, अपर कलेक्टर योगिता देवांगन, नगर निगम भिलाई के आयुक्त राजीव पांडे, नगर निगम दुर्ग के आयुक्त सुमीत अग्रवाल, नगर निगम रिसाली की आयुक्त मोनिका वर्मा, एसडीएम दुर्ग हरवंश सिंह मिरी, एसडीएम पाटन लवकेश ध्रुव सहित समस्त विभाग के जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित थे।

## गुणवत्ता के साथ सभी कार्य जल्द पूरा करने की दी हिदायत

# सीसी रोड और सीवरेज सिस्टम पाइप लाइन निर्माण को देखकर भड़के आयुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई के निगम आयुक्त मंगलवार को ओम शांति चौक से कालीबाड़ी चौक तक बन रही सीसी रोड और डिवाइडर रेलिंग का निरीक्षण करने पहुंचे। इस दौरान उन्होंने कार्य की खराब गुणवत्ता को लेकर नाराजगी जताई। उन्होंने निगम के इंजीनियर को फटाकर लगाई और गुणवत्ता के साथ कार्य को समय पर पूरा करने का निर्देश दिया।

नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय मंगवार सुबह जोन-2 वैशाली नगर क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण करने निकले थे। इस दौरान उन्होंने निर्माणाधीन सीसी रोड और सीवर सिस्टम पाइपलाइन एवं बैक लाइन की कच्ची नालियों की सफाई व्यवस्था देखा। काम धीमी गति से होने को लेकर अधिकारियों पर नाराजगी जताई और जल्द निर्माण पूरा कराने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन अभियंता अरविंद शर्मा, सहायक अभियंता श्वेता वर्मा, उप अभियंता अशोक देवांगन, जोन स्वास्थ्य अधिकारी शंकर सहानी, स्वच्छता निरीक्षक अंजनी सिंह, जोनल एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।



### बारिश से पहले परा हो काम

आयुक्त ने ओम शांति चौक से कालीबाड़ी हाउसिंग बोर्ड के बीच निर्माणाधीन सीसी रोड का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए निर्माण कार्य को गुणवत्ता के साथ शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। वहीं प्रधानमंत्री आवास योजना क्षेत्र में सीवर सिस्टम पाइपलाइन एवं बैक लाइन की कच्ची नालियों की सफाई व्यवस्था के काम को बारिश से पहले पूरा करने को कहा। बारिश के पहले नालियों की सफाई सुनिश्चित करने को कहा।

### निगम के चारों जोन में पात्र लोगों को मिलेगा पट्टा

छत्तीसगढ़ शासन की पहल पर नागरिकों को उनकी भूमि की पहचान एवं स्वामित्व संबंधी सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पट्टा सर्वे अभियान प्रारंभ किया जा रहा है। इस अभियान के तहत पात्र नागरिकों के पट्टों का सर्वे कर किया जाएगा। नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देशानुसार पट्टा सर्वे कार्य को सुचारु रूप से संचालित करने के लिए निगम के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की विभिन्न जोनों में ड्यूटी लगाई गई है। नियुक्त दल अपने-अपने जोन क्षेत्र में पात्र हितग्राहियों तक पहुंचकर पट्टों का सर्वे करेंगे। उपायुक्त सह नोडल अधिकारी दिनेश कोसरिया की उपस्थिति में मंगलवार को नगर निगम सभागार में पट्टा सर्वे अभियान के संबंध में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पट्टा सर्वे की प्रक्रिया, आवश्यक दस्तावेजों के सत्यापन, हितग्राहियों तक पहुंचने की कार्ययोजना तथा सर्वे के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों की विस्तृत जानकारी दी गई। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि पट्टा सर्वे का कार्य पारदर्शिता, समयबद्धता एवं जिम्मेदारी के साथ किया जाए, ताकि नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि शासन की इस महत्वपूर्ण पहल का उद्देश्य नागरिकों को उनकी भूमि से संबंधित अधिकारों को सुदृढ़ करना तथा प्रशासनिक सेवाओं को उनके घर-घर तक पहुंचाना है।

### बीएसपी में 109 अफसरों का बढ़ा ओहदा, मिली पदोन्नति

**भिलाई।** बीएसपी के अनेक साहबों का ओहदा बढ़ गया है।विभिन्न विभागों के 109 अधिकारियों को उच्च पदों पर पदोन्नत किया गया। सहायक प्रबंधक (ई-1) से लेकर वरिष्ठ प्रबंधक (ई-4) तक के नव पदोन्नत अधिकारियों को उनके संबंधित विभागाध्यक्षों एवं कार्यपालक निदेशकों द्वारा पदोन्नति आदेश प्रदान किए गए। इस पदोन्नति प्रक्रिया के तहतसहायक प्रबंधक से उप प्रबंधक (ई-1 से ई-2) पद पर 2 अधिकारी, उप प्रबंधक से प्रबंधक (ई-2 से ई-3) पद पर 19 अधिकारी, प्रबंधक से वरिष्ठ प्रबंधक (ई-3 से ई-4) पद पर 23 अधिकारी तथा वरिष्ठ प्रबंधक से सहायक महाप्रबंधक (ई-4 से ई-5) पद पर 65 अधिकारियों को पदोन्नत किया गया। विभिन्न ग्रेडों में कुल 109 अधिकारियों को पदोन्नति प्रदान की गई।

**स्वास्थ्य विभाग के दर्जनभर अफसर :** पदोन्नत अफसरों में सबसे अधिक स्वास्थ्य विभाग के लोग शामिल हैं। चिकित्सा और स्वास्थ्य सेवाएं विभाग के 12 अधिकारियों को भी विभिन्न ग्रेडों में पदोन्नति प्राप्त हुई। अधिकारियों ने पदोन्नति के उपरांत संगठन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए नई जिम्मेदारियों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा, दक्षता एवं उत्तरदायित्व के साथ करने का संकल्प व्यक्त किया। प्रबंधन ने सभी पदोन्नत अधिकारियों पर विश्वास व्यक्त किया। कि वे अपनी नेतृत्व क्षमता, कार्यकुशलता का प्रदर्शन करते रहेंगे।

## खबर संक्षेप



### हर्षोल्लास से मनाया गया शाला प्रवेश उत्सव

**अण्डा।** शासकीय प्राथमिक शाला देवरी ख में मंगलवार को नए शिक्षा सत्र के शुभारंभ पर शाला प्रवेश उत्सव बड़े उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य नवप्रवेशी बच्चों का स्वागत कर उन्हें शिक्षा के प्रति प्रेरित करना रहा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सरपंच कुसुम देशमुख, उपसरपंच अंशु गायकवाड़, प्राचार्य रीना वाणी, शाला विकास समिति के अध्यक्ष ललित कुमार साहू, उपाध्यक्ष धनेसवारी टंडन, एवं समिति सदस्य रोशन लाल सेन उपस्थित रहे। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकीय स्टाफ में व्याख्याता देशलहरे मैडम, प्रधान पाठक हेमकिरण चंद्राकर, इंदिरा वानखेड़े, सती चंद्राकर, श्वेता साहू, हानिता साहू, उमेश साहू, भूमिका साहू, सविता गायकवाड़ एवं छाया गायकवाड़ सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

### भंसूली शीतला मंदिर में वीर हनुमान की स्थापना

**पाटन।** ग्राम भंसूली के शीतला मंदिर प्रांगण में वीर हनुमान की मूर्ति स्थापित की गई। गुरु वातन समिति द्वारा प्रदत्त बजरंगबली की प्राण प्रतिष्ठा पंडित राजेंद्र शर्मा ने वैदिक मंत्रोचारण से विधिवत पूजा अर्चना से की। इस दौरान अशोक साहू पूर्व उपाध्यक्ष जिप दुर्ग,पद्मभूषण साहू उपसरपंच,डॉ के के साहू, बालमकुंद साहू, बिसहत निर्मल, भूषण मंडल, महेंद्र हिरवानी, श्रवण बैगा, कामता साहू, भानुप्रताप साहू, महावीर निर्मल, नंद कुमार साहू, ईश्वर हिरवानी, रामनारायण मंडल, खेलू साहू, तामू साहू, नेतराम साहू, फेकून सोनवानी आदि मौजूद थे।

### महान संत कबीर का संदेश आज भी प्रासंगिक : रश्मि वर्मा

**पाटन।** मानिकपुरी पनिका समाज चूलगहन परिक्षेत्र के तत्वाधान ग्राम रानीतराई में कबीर प्राकट्य दिवस धूमधाम से मनाया गया। दीप प्रज्वलन गन्नूदास महंत के द्वारा किया गया, शोभायात्रा, चौंका आरती, भोजन भंडारा, अतिथि उद्बोधन पश्चात सामूहिक आरती के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भूपेश बघेल पूर्व मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि अशोक साहू पूर्व उपाध्यक्ष ज़िप दुर्ग, रश्मि भेदप्रकाश वर्मा जनपद सदस्य पाटन विशिष्ट अतिथि ललित कुमार मानिकपुरी जिला अध्यक्ष, विशेष अतिथि सुन्दरदास मानिकपुरी जिला उपाध्यक्ष रामदास मानिकपूरी तहसील अध्यक्ष, सत्यनारायण टिकरिहा सरपंच रानीतराई राजा ठाकुर उपसरपंच, प्रियलता महिपाल सरपंच औसर, भविष्य जैन प्रभारी ने संत कबीर की पूजा आरती कर समाज, क्षेत्रवासियों की सुख, समृद्धि और सौहार्द की मंगलकामना की।

## पेज 9 के शेष

### अकेली बुजुर्ग महिला ...

की धारा 309(6) एवं 331(4) सहित अन्य प्रासंगिक धाराओं के तहत अपराध दर्ज कर कार्रवाई की है। पूर्व नियोजित थी वारदातः प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि मुख्य आरोपी आनंद सेन को पहले से जानकारी थी कि बुजुर्ग महिला घर में अकेली रहती हैं। इसी वजह से उसने योजना बनाकर नींबू तोड़ने का बहाना बनाया और वारदात को अंजाम दिया। पुलिस के अनुसार आरोपी आदतन अपराधी है तथा उसके विरुद्ध अन्य मामलों में भी अपराध दर्ज होने की जानकारी मिली है। मामले के त्वरित खुलासे में थाना प्रभारी ओंकार साहू, एएसआई सुदेश चौहान, प्रधान आरक्षक विनोद पात्रे, सुरेंद्र तिवारी तथा आरक्षक अशरफी खान और लोकेश्वर साहू की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### जून महीने के ...

नवागढ़ विधानसभा के अंतर्गत आता है। इसके बावजूद भी विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी लापरवाही बरतने से बाज नहीं आ रहे हैं। लगातार शिकायत के बाद भी व्यवस्था में कोई सुधार नहीं हो रहा है, ऐसे में ग्रामीणों ने जल्द निराकरण नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है।

**समस्या : नियमित शिक्षकों की कमी भी विद्यार्थियों के सामने चुनौती**

# जुगाड़ के भरोसे नवागढ़ शासकीय कॉलेजः 1335 छात्र और सिर्फ 9 कमरे, 2.47 करोड़ का नया भवन फाइलों में कैद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़






नया शैक्षणिक सत्र शुरू हो चुका है। विद्यार्थी नई किताबों, नए सपनों और बेहतर भविष्य की उम्मीद लेकर महाविद्यालय पहुंच रहे हैं, लेकिन नवागढ़ के एकमात्र शासकीय कोदूराम दलित महाविद्यालय की तस्वीर इस बार भी लगभग वही है। यहां विद्यार्थियों की संख्या लगातार बढ़ रही है, नए पाठ्यक्रमों की घोषणाएं भी हो रही हैं, लेकिन कमरों की संख्या सीमित है। वर्तमान में महाविद्यालय में 1335 नियमित विद्यार्थी अध्ययनरत हैं, जबकि पढ़ाई के लिए सिर्फ 9 कक्ष उपलब्ध हैं। इन्हीं कमरों में बीए, बीकॉम, बीएससी, एमए हिन्दी, एमए समाजशास्त्र एवं एमए राजनीति विज्ञान की कक्षाएं संचालित हो रही हैं। अब मुख्यमंत्री द्वारा एमएससी गणित और एमकॉम शुरू करने की घोषणा भी की जा चुकी है। घोषणा से विद्यार्थियों में उत्साह तो है, लेकिन कॉलेज परिसर में सबसे बड़ा सवाल यही गूंज रहा है नई कक्षाएं आखिर लगेंगी कहां?: कमरों की कमी के कारण वर्षों से शिफ्टवार कक्षाएं संचालित की जा रही हैं। कई बार स्टाफ रूम, स्टोर रूम और बरामदों तक को अस्थायी कक्षा में बदलना पड़ता है। दूर-दराज से आने वाले विद्यार्थियों को घंटों इंतजार करना पड़ता है। ऐसा लगता है कि हर नए सत्र में छात्रों की संख्या बढ़ने की खबर सबसे पहले आती है और भवन विस्तार की फाइल सबसे आखिर में आगे बढ़ती है। 37 साल में बढ़े पाठ्यक्रम, नहीं बढ़ पाया भवनः महाविद्यालय की स्थापना वर्ष 1989 में हुई थी और वर्तमान भवन वर्ष 2004 में मिला। उस समय उपलब्ध भवन पर्याप्त माना जाता था, लेकिन समय के साथ नए विषय, स्नातकोत्तर कक्षाएं और विज्ञान संकाय जुड़ते गए। विद्यार्थियों की संख्या भी लगातार बढ़ती रही, पर भवन में कमरों की संख्या वहीं ठहरी रही। वर्ष 2016 में विज्ञान संकाय शुरू हुआ, लेकिन उसके अनुरूप अतिरिक्त कक्ष आज तक नहीं बन पाए। परिणाम यह है कि व्यवस्था बनाए रखने के लिए बरामदे भी अब कक्षा की भूमिका निभा रहे हैं।

**2.47 करोड़ का भवन फिलहाल फाइलों में हैः** महाविद्यालय के लिए 11 अतिरिक्त कमरों के निर्माण हेतु 2.47 करोड़ रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति मिल चुकी है। इससे विद्यार्थियों और प्रबंधन को उम्मीद जगी थी कि वर्षों पुरानी समस्या का समाधान होगा, लेकिन वित्तीय स्वीकृति लंबित होने के कारण निर्माण कार्य शुरू नहीं हो सका है। यानी नया भवन फिलहाल फाइलों में आकार ले रहा है, जबकि विद्यार्थी पुराने कमरों में जगह तलाश रहे हैं। यदि वित्तीय स्वीकृति जल्द नहीं मिली तो एक और शैक्षणिक सत्र इसी जुगाड़ व्यवस्था के भरोसे गुजर जाएगा।

**5 नियमित प्राध्यापक, 11 अतिथि प्रवक्ताओं के भरोसे कॉलेजः** महाविद्यालय में शिक्षकों की स्थिति भी कम चुनौतीपूर्ण नहीं है। वर्तमान में केवल 5 नियमित प्राध्यापक कार्यरत हैं, जबकि 11 अतिथि प्रवक्ता शिक्षण कार्य संभाल रहे हैं। रसायन विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, प्राणी विज्ञान, गणित और वाणिज्य जैसे महत्वपूर्ण विषय आज भी अतिथि प्रवक्ताओं के भरोसे संचालित हो रहे हैं। ऐसे में नियमित शिक्षकों की कमी भी विद्यार्थियों के सामने बड़ी चुनौती बनी हुई है।

### वित्तीय स्वीकृति मिलते ही शुरू होगा निर्माणः प्राचार्य

महाविद्यालय के प्राचार्य गिरीश कांत पांडे ने बताया कि वर्तमान में महाविद्यालय में 1335 नियमित विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। सीमित कक्षों के बावजूद सभी कक्षाओं का संचालन व्यवस्थित ढंग से किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि 11 अतिरिक्त कमरों के निर्माण के लिए 2.47 करोड़ रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति मिल चुकी है, लेकिन वित्तीय स्वीकृति लंबित होने के कारण निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हो पाया है। वित्तीय स्वीकृति मिलते ही निर्माण कार्य शुरू कराया जाएगा। नियमित प्राध्यापकों के रिक्त पदों की जानकारी समय-समय पर उच्च शिक्षा विभाग को भेजी जाती है तथा वर्तमान में अतिथि प्रवक्ताओं के माध्यम से शिक्षण व्यवस्था संचालित की जा रही है।

## परपोड़ी महाविद्यालय में 64 लाख की लागत से बनेगी बाउंड्रीवॉल विद्यार्थियों को मिलेगा सुरक्षित परिसर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| परपोड़ी

नगर के शिक्षा क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण रानी अवंती बाई शासकीय महाविद्यालय परपोड़ी में विद्यार्थियों की सुरक्षा और परिसर की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए बाउंड्रीवॉल निर्माण कार्य शुरू हो गया है। लगभग 64.23 लाख रुपये की लागत से बनने वाली इस बाउंड्रीवॉल से महाविद्यालय परिसर सुरक्षित होगा और छात्र-छात्राओं को बेहतर शैक्षणिक वातावरण मिलेगा। शासकीय महाविद्यालय की स्थापना वर्ष 2018 में हुई थी। इसके बाद वर्ष 2021 में 65.84 लाख रुपये की लागत से महाविद्यालय भवन का निर्माण प्रारंभ हुआ, जिसका लोकार्पण 15 सितंबर 2023 को किया गया। वर्तमान में महाविद्यालय में आसपास के लगभग 70 गांवों के करीब 500 छात्र-छात्राएं अध्ययनरत हैं। चेचानमेटा, जानो, गाड़ाडीह, भटगांव सहित कई हायर सेकेंडरी विद्यालयों के विद्यार्थी यहां उच्च शिक्षा प्राप्त करने आते हैं।

इसी समस्या को देखते हुए जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष संतोष वर्मा के प्रयासों से महाविद्यालय की 10 एकड़ भूमि की सुरक्षा के लिए बाउंड्रीवॉल निर्माण स्वीकृत कराया गया।

महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. माया शेदपूरे ने बताया कि बाउंड्रीवॉल निर्माण कार्य सुचारु रूप से चल रहा है तथा इसकी निगरानी जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष संतोष वर्मा द्वारा की जा रही है।

## सर्व ब्राह्मण समाज की जिला बैठक में आठ प्रस्ताव पारित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



- महिला, युवा, पुरोहित व किसान मंच के विस्तार पर जोर, नई कार्यकारिणी का भी हुआ गठन

राष्ट्रीय सर्व ब्राह्मण समाज की जिला स्तरीय प्रबंधकारिणी एवं कार्यकारिणी की बैठक रविवार विश्रामगृह के कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित हुई। राष्ट्रीय अध्यक्ष ललित मिश्रा की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में संगठन को मजबूत बनाने, सामाजिक एकजुटता बढ़ाने तथा विभिन्न सामाजिक विषयों पर चर्चा के बाद आठ महत्वपूर्ण प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किए गए। बैठक में नई जिला एवं ब्लॉक कार्यकारिणी का भी विस्तार किया गया। बैठक में प्रदेश सचिव विकासधर दीवान, आचार्य बलदेव शास्त्री, जिला अध्यक्ष डॉ. शिरीष शर्मा, संभागीय महासचिव चंद्रिका प्रसाद शर्मा एवं शेषनारायण तिवारी सहित समाज के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में विप्रजन उपस्थित रहे। प्रारंभ में जिला अध्यक्ष डॉ. शिरीष शर्मा ने स्वागत भाषण देते हुए बैठक के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने जिले के चार ब्लॉक, नौ तहसीलों, एक नगर पालिका, सात नगर पंचायतों तथा तीन विधानसभा क्षेत्रों में संगठन की गतिविधियों और विस्तार की जानकारी दी।

प्रदेश सचिव विकासधर दीवान ने प्रदेश की 90 विधानसभा क्षेत्रों में समाज का सशक्त संगठन खड़ा करने, समाज की व्यापक जनगणना कराने तथा आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के सहयोग के लिए निर्धन सहायता कोष बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। बैठक में बेमेतरा ब्लॉक अध्यक्ष भावेश शर्मा एवं प्रदीप दुबे ने नई पीढ़ी को सामाजिक गतिविधियों से जोड़ने के लिए नियमित पारिवारिक सम्मेलन आयोजित करने तथा अंतरजातीय विवाह के संबंध में सामाजिक नियम बनाए जाने का प्रस्ताव रखा। वहीं बेरला ब्लॉक अध्यक्ष राजेश दुबे ने समाज के प्रत्येक सदस्य से सामाजिक कार्यक्रमों में अनिवार्य रूप से सहभागिता निभाने का आह्वान किया।

बैठक के दौरान समाज के विभिन्न पदाधिकारियों ने अपने विचार रखे। अंत में आठ प्रमुख प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किए गए। इनमें प्रदेश की 90 विधानसभा क्षेत्रों में संगठन का विस्तार, समय-समय पर पारिवारिक सम्मेलन, मृत्यु भोज में सादगी, महिला, युवा, पुरोहित, किसान एवं सांस्कृतिक मंच का विस्तार, सामाजिक नियमों के पालन, सामाजिक कार्यक्रमों में सक्रिय उपस्थिति, विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत समाजजनों को संगठन का सहयोग तथा समाज में आपसी सद्भाव और सहयोग की भावना को बढ़ावा देने का संकल्प शामिल है। बैठक में संगठन का विस्तार करते हुए विभिन्न पदों पर नई नियुक्तियों की घोषणा की गई। इनमें संभागीय एवं जिला पदाधिकारियों के साथ बेमेतरा और बेरला ब्लॉक अध्यक्षों सहित महिला मंच की जिला एवं ब्लॉक कार्यकारिणी का गठन किया गया।

ये रहे उपस्थित इस अवसर पर कृपाशंकर त्रिपाठी, मनोज मिश्रा, विवेकधर दीवान, रीता पांडेय, उमा तिवारी, हितेंद्र तिवारी, प्रशांत तिवारी, राजकुमार शर्मा, कनकलता मिश्रा, शिल्पी मिश्रा, नरेंद्र शर्मा, परमेश्वर प्रसाद तिवारी, रामनारायण पाठक, सुरेश शर्मा, जितेंद्र तिवारी, पूजा शर्मा, अनु पांडे, निवेदिता तिवारी, अनीता मिश्रा, मीना त्रिपाठी, नागेंद्र शर्मा सहित समाज के सदस्य उपस्थित रहे।

## भूमि रिकॉर्ड में छेड़छाड़ का आरोप, पीड़िता ने निष्पक्ष जांच की मांग की

**परपोड़ी।** नगर पंचायत परपोड़ी में राजस्व विभाग से जुड़ा एक विवाद सामने आया है। पीड़िता दूरदेशनीन बाई निषाद ने आरोप लगाया है कि वर्षों से जिस भूमि पर उनका परिवार खेती करता आ रहा था, उसके सरकारी अभिलेखों में कथित रूप से छेड़छाड़ कर दी गई, जिसके कारण भूमि किसी अन्य के नाम दर्ज हो गई। दूरदेशनीन बाई के अनुसार उनके परिवार के सदस्य झुक्कू निषाद को वर्ष 1980-81 में सीलिंग के तहत खसरा नंबर 176 की भूमि आबंटित हुई थी। उनका दावा है कि परिवार लगभग 40 वर्षों से उक्त भूमि पर खेती करती रही। आरोप लगाया है कि वर्ष 2017 में रिकॉर्ड के डिजिटलीकरण के दौरान दस्तावेजों में परिवर्तन किया गया। पीड़िता का कहना है कि उन्होंने इस संबंध में थाने सहित राजस्व अधिकारियों को लिखित शिकायत दी, लेकिन अब तक उन्हें न्याय नहीं मिला। उन्होंने प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है। इधर वर्तमान पटवारी विष्णु राम वर्मा ने कहा कि वे लगभग छह माह पहले ही यहां पदस्थ हुए हैं। उनके अनुसार अब तक उपलब्ध सरकारी अभिलेखों के आधार पर ही राजस्व संबंधी कार्य किए गए हैं।

## सहकारिता को जनभागीदारी से मजबूत बनाने पर जोर, कलेक्टर ने दिए प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



जिले में सहकारिता गतिविधियों को और अधिक सशक्त एवं जनभागीदारी आधारित बनाने के उद्देश्य से आज कलेक्टर सुश्री प्रतिष्ठा ममगाईं की अध्यक्षता में जिला सहकारी विकास समिति की बैठक दिशा सभाकक्ष में आयोजित की गई।

बैठक में अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के अंतर्गत जिले में संचालित की जाने वाली विभिन्न गतिविधियों की विस्तृत समीक्षा करते हुए उनके प्रभावी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि एक पेड़ मां के नाम अभियान को सहकारिता आंदोलन से जोड़ते हुए अधिकाधिक जन भागीदारी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि जिले की सभी सहकारी संस्थाएं, समितियां एवं संबंधित विभाग अभियान के अंतर्गत व्यापक स्तर पर पौधरोपण करें तथा लगाए गए पौधों के संरक्षण एवं नियमित देखरेख को भी प्राथमिकता दें, ताकि पर्यावरण संरक्षण के साथ सामाजिक सहभागिता का संदेश भी सशक्त रूप से प्रसारित हो। बैठक में अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के अवसर पर राज्य स्तर से जारी वार्षिक गतिविधि कैलेंडर के अनुसार जिले में आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने सभी संबंधित विभागों को निर्धारित समय-सीमा में गतिविधियों का सफल आयोजन सुनिश्चित करने तथा अधिकाधिक किसानों, महिलाओं, युवाओं एवं ग्रामीणों की सहभागिता बढ़ाने के निर्देश दिए। कलेक्टर सुश्री प्रतिष्ठा ममगाईं ने कहा कि सहकारिता ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने का प्रभावी माध्यम है। सहकारी समितियों के माध्यम से किसानों, पशुपालकों एवं मत्स्य पालकों की आय में वृद्धि के साथ रोजगार के नए अवसर भी सृजित किए जा सकते हैं। उन्होंने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए शासन की मंशा के अनुरूप सहकारिता आधारित विकास को गति देने पर जोर दिया। बैठक में समिति के अन्य एजेंडों पर भी विचार-विमर्श किया गया तथा अध्यक्ष की अनुमति से आवश्यक सुझावों एवं प्रस्तावों पर चर्चा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, अपर कलेक्टर, सभी अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व),जिला सहकारी केंद्रीय बैंक, सहकारिता विभाग, मत्स्य विभाग, पशुपालन विभाग सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## चारागाह की कमी से सड़कों पर मवेशी, बढ़ा हादसे का खतरा



**परपोड़ी।** चराई के लिए पर्याप्त स्थान नहीं मिलने के कारण बड़ी संख्या में गौवंशीय मवेशी मुख्य सड़कों और राज्य मार्गों पर घूम रहे हैं, जिससे आए दिन सड़क दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। राजधानी से साल्हेवारा-गंडई राज्य मार्ग पर प्रतिदिन सैकड़ों छोटे-बड़े वाहन गुजरते हैं। शुक्रवार को भी राज्य मार्ग पर बड़ी संख्या में मवेशी बैठे और घूमते नजर आए, जिससे वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह समस्या अब रोज की बन चुकी है। नगर सीमा से लगे ग्राम भटगांव, कुल्लू, पत्थर्री, गातापार, तिरियाभाठ, जानो और गाड़ाडीह में चारागाह भूमि उपलब्ध है, लेकिन कई स्थानों पर अतिक्रमण होने से पशुओं के चरने की व्यवस्था प्रभावित हुई है। परिणामस्वरूप मवेशी भोजन की तलाश में नगर और सड़कों की ओर आ रहे हैं। चारागाह भूमि ग्रामीण पशुधन के लिए आरक्षित सार्वजनिक संपत्ति होती है।

## जर्जर भवन में बनाया जा रहा मिड-डे मील, हर पल रहता है हादसे का डर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| निकुम

बीते पखवाड़े भर से सभी स्कूल खुल गए, लेकिन धरातल पर जाकर देखे तो पूरा सिस्टम ही कई जगह फेल है। कही स्कूल में कमरे नहीं तो कही शिक्षक कमी कही शौचालय खस्ताहाल हो चुके है। वहीं कई स्कूलों में बाउंड्रीवाल नहीं होने आवारा कुत्ते का अड्डा स्कूल बन गए हैं। कहीं बच्चों को शेड नहीं होने से प्रार्थना में परेशानी होती है तो सेजस में नई पुस्तकों का दूर दूर अता पता नहीं। सवाल उठता है कि ऐसे में बच्चे कैसे गढ़ेंगे अपना भविष्य, पालकों की चिंता बढ़ रही हैं। मिली जानकारी के अनुसार शासकीय प्राथमिक शाला में 20 बच्चे और माध्यमिक विद्यालय निकुम में तकरीबन 113 बच्चे पढ़ रहे है। यहां डर के साए में मिड मिल बन रहा है, गौरतलब है कि बंदरों की उछलकूद और कच्चे खपरैल का स्कूल होने से दुर्घटना होने का भय सता रहा है।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

न्यू मातृ स्मृति हॉस्पिटल
मेटरनिटी, चिल्ड्रन्स एवं सर्जिकल हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएँ
• गर्भवती महिलाओं की संपूर्ण जांच व परामर्श नार्मल एवं सीजेरियन डिलीवरी
• एवं बच्चेदानी का ऑपरेशन व नसबंदी
• सर्वसुविधायुक्त PICU, NICU, OT
• बच्चों की सभी प्रकार की सर्जरी हर्निया, हाईड्रोसील, सरकम सीजन की सुविधा
• आयुष्मान कार्ड और CSEB से कैशलेस उपचार,
• TPA की सुविधा
माँ और शिशु का विश्वास
डॉ. सी.पी.सिंह
(एमबीबीएस, एमडी) शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. नीलिमा सिंह
(एमबीबीएस, डी.जी.ओ.) स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें
9009553889, 9090204620
एकता नगर, अम्बेडकर चौक के पास, गुढ़ियारी रायपुर
ब्रांच : मातृ स्मृति मंगल बाजार, गायत्री मंदिर के सामने, गुढ़ियारी, रायपुर

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### किसान कांग्रेस महासचिव राजेंद्र साहू ने टी.एस. सिंहदेव से की मुलाकात

देवकर। छत्तीसगढ़ किसान कांग्रेस के प्रदेश महासचिव राजेंद्र साहू ने प्रदेश के पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता टी.एस. सिंहदेव से उनके राजकुमार कॉलेज स्थित निजी आवास पर सौजन्य मुलाकात की। इस दौरान साजा-मोहगांव के पंच कादर खान भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। मुलाकात में प्रदेश के वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य, किसानों के समक्ष आ रही व्यावहारिक समस्याओं तथा संगठन को और अधिक मजबूत बनाने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर गंभीर एवं सकारात्मक चर्चा हुई। राजेंद्र साहू ने किसानों से जुड़े विभिन्न मुद्दों और उनकी समस्याओं को प्रमुखता से रखते हुए संगठन की भूमिका को और प्रभावी बनाने पर विचार-विमर्श किया। वहीं टी.एस. सिंहदेव ने किसानों के हितों की रक्षा और संगठन को जमीनी स्तर पर सशक्त बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया। बैठक को किसान हितों और संगठनात्मक मजबूती की दिशा में एक महत्वपूर्ण संवाद माना जा रहा है। दोनों नेताओं ने भविष्य में भी किसानों के हितों से जुड़े मुद्दों पर मिलकर कार्य करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

### 629 वें कबीर प्राकट्य दिवस पर प्रसादी व शर्बत का वितरण

दुर्ग। सदगुरु कबीर धर्मदास वशावली मिशन के प्रर्वतक पंथ हुजूर उदित मुनि साहब के निर्देशानुसार संपूर्ण भारत वर्ष के प्राकट्य महोत्सव दुर्ग जिला में सदगुरू कबीर साहब का 629 वां प्रकट्य उत्सव पर राजेन्द्र पार्क चौक में भोजन प्रसादी हलवा पूड़ी छोले सब्जी शर्बत वितरण भजन, संत्संग के साथ मनाया गया। जिसमें एसकेडीवी मिशन के राष्ट्रीय प्रमुख प्रमोद साहू एसकेडीवी मिशन दुर्ग के बोधन साहू ठकेश साहू, कीर्ति साहू, श्यामा साहू डॉ. कामता साहू, समतूराम साहू, किशन साहू, तिलक दास साहू, ओझा साहू सुरेश साहू नामदास साहू चन्द्रप्रकाश साहू परमेश्वरी साहू, केवरा साहू, प्रीति साहू, पुनिया प्रभा साहू सुषमा साहू, अजय, टोमिन साहू, कलेन्द्रीय साहू, सुरेन्द्र साहू, भूपत साहू आदि गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### देहदान कर समाज के समक्ष प्रेरणादायी उदाहरण प्रस्तुत किया

दुर्ग। मीनाक्षी नगर निवासी तथा सीएसईबी के पूर्व कार्यपालन अभियंता सिविल लक्ष्मी प्रसाद सोनी एवं उनकी धर्मपत्नी नलिनी सोनी ने अपनी विवाह वर्षगांठ के अवसर पर अंगदान, नेत्रदान एवं त्वचादान का संकल्प लेकर समाज के समक्ष प्रेरणादायी उदाहरण प्रस्तुत किया। इस अवसर पर उन्होंने अपनी दान संबंधी वसीयत नवदृष्टि फाउंडेशन के कुलवंत भाटिया, राजेश पारख, हरमन दुलई एवं रितेश जैन को सौंपी। इस पुण्य संकल्प के अवसर पर उनकी पुत्री डॉ. अंजलि सोनी, निवेदिता सोनी तथा पुत्र मयंक सोनी ने भी अपनी सहमति एवं समर्थन व्यक्त किया।

### शिक्षक अपने पीछे ज्ञान, संस्कार और प्रेरणा की छोड़ जाते हैं अमूल्य विरासत

# सेवानिवृत्त व स्थानांतरित शिक्षकों को भावभीनी विदाई, सम्मान समारोह में शामिल हुईं जिपं अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

विकासखंड साजा के शासकीय माध्यमिक विद्यालय परसबोड़ में सेवानिवृत्त एवं स्थानांतरित शिक्षकों के सम्मान में गरिमामय विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। विद्यालय परिवार, जन प्रतिनिधियों, विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं ग्रामवासियों ने शिक्षकों का शॉल, श्रीफल एवं स्मृति-चिन्ह भेंटकर सम्मान किया तथा उनके शैक्षणिक योगदान को भावभीनी श्रद्धा के साथ याद किया।

समारोह में विद्यालय की प्रधानाचार्य प्रतिभा चौबे के सेवानिवृत्त होने पर विशेष सम्मान किया गया। वक्ताओं ने उनके लंबे, समर्पित एवं अनुकरणीय शैक्षणिक जीवन की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। अपने संबोधन में जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी ने कहा कि




विदाई केवल एक औपचारिकता नहीं, बल्कि वर्षों की निष्ठा, अनुशासन, संघर्ष और सेवा को सम्मान देने का अवसर है। शिक्षक अपने जीवन का अमूल्य समय विद्यार्थियों के भविष्य को संवारने में समर्पित करते हैं और सेवानिवृत्ति के बाद भी उनके द्वारा दिए गए संस्कार, ज्ञान और प्रेरणा समाज का मार्गदर्शन करते रहते हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षक केवल पाठ्यपुस्तकों का ज्ञान नहीं देते, बल्कि विद्यार्थियों में अनुशासन, नैतिकता, आत्मविश्वास और जीवन मूल्यों का विकास करते हैं। वहीं प्रधानाचार्य पूरे विद्यालय परिवार को दिशा देकर शिक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाते हैं। उन्होंने कहा कि माता-पिता जीवन देते हैं, जबकि शिक्षक उस जीवन को उद्देश्य और पहचान प्रदान करते हैं।

इसलिए प्रत्येक विद्यार्थी का दायित्व है कि वह अपने गुरुजनों का सम्मान करे और उनके बताए मार्ग पर चले। छात्राओं को संबोधित करते हुए उन्होंने मन लगाकर अध्ययन करने, अनुशासन का पालन करने तथा अपने माता-पिता, शिक्षकों, विद्यालय और जिले का नाम प्रदेश एवं राष्ट्रीय स्तर पर रोशन करने का आह्वान किया। इस दौरान उन्होंने कक्षा नवमी में 94 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाली छात्रा अनु को विशेष रूप से बधाई देते हुए कहा कि उसकी सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा है और यह साबित करती है कि मेहनत, लगन और आत्मविश्वास से हर लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। कार्यक्रम के अंत में जिला पंचायत अध्यक्ष ने सेवानिवृत्त एवं स्थानांतरित सभी शिक्षकों के स्वस्थ, सुखद और सम्मानपूर्ण जीवन की कामना करते हुए कहा कि समाज उनके योगदान का सदैव ऋणी रहेगा। इस अवसर पर बलराम पटेल (जिला पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधि), धनराज सिन्हा, मनोज पटेल, ईश्वर लाल साहू, छेदी लाल साहू, गिरधर वर्मा, कविता वर्मा, शिमा राजपूत, अजय कुमार निर्मलकर, गंगाधर साहू, रविकांत चौहान, दिनेश वर्मा, छत्रपाल वर्मा, बलदाऊ साहू, भीखू दास साहू, धनेश धीवर सहित विद्यालय परिवार, शिक्षकगण, जनप्रतिनिधि, विद्यार्थी, अभिभावक एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## बिलासपुर स्कूल की घटना के विरोध में सर्व सेन समाज ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



बेमेतरा। बिलासपुर स्थित सेंट जेवियर स्कूल में एक नाबालिग छात्रा के साथ कथित यौन शोषण की घटना के विरोध में छत्तीसगढ़ सर्व सेन (नाई) समाज, जिला इकाई बेमेतरा ने बुधवार को जिला अध्यक्ष रामनारायण छल्ली के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट पहुंचकर कलेक्टर सुश्री प्रतिष्ठा ममगाईं को ज्ञापन सौंपा।

समाज ने पीड़िता को शीघ्र न्याय दिलाने तथा मामले के दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन में समाज ने मांग की कि मामले के मुख्य आरोपी के विरुद्ध फास्ट ट्रैक कोर्ट में सुनवाई कर कठोरतम दंड दिया जाए। साथ ही घटना के संबंध में स्कूल प्रबंधन की भूमिका की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए तथा यदि किसी स्तर पर लापरवाही या मामले को दबाने का प्रयास पाया जाता है तो संबंधित जिम्मेदारों के खिलाफ भी सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। ज्ञापन सौंपने के दौरान समाज के पदाधिकारियों ने कहा कि बेटियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए और इस प्रकार की घटनाओं पर कठोर कार्रवाई से ही समाज में अपराधियों के मन में कानून का भय पैदा होगा। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि मामले में शीघ्र एवं प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई तो समाज व्यापक आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष रामनारायण छल्ली के साथ संतोष सेन, नाथु सेन, संतराम सेन, राम सेन, रवि सेन, हरेराम सेन, बलदाऊ सेन, संतोष सेन (नवागढ़), राम निहोरा सेन, मनहरण सेन, राजू सेन, डेनिम सेन, सुशील सेन सहित बड़ी संख्या में समाज के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे। जिला मीडिया प्रभारी दुर्गा प्रसाद सेन ने बताया कि समाज पीड़िता को न्याय दिलाने और दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग को लेकर एकजुट है।

## सहकारिता सप्ताह में हसदा समिति में पौधारोपण, पर्यावरण संरक्षण का संकल्प



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरला

सहकारिता सप्ताह के अंतर्गत सेवा सहकारी समिति मर्यादित हसदा में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना तथा सहकार से समृद्धि के संदेश को जन-जन तक पहुंचाना रहा। कार्यक्रम में समिति अध्यक्ष प्रकाश वर्मा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि सहकारिता ग्रामीण अर्थव्यवस्था की मजबूत नींव है और इसके माध्यम से समृद्ध समाज का निर्माण संभव है। उन्होंने सभी से अधिक से अधिक वृक्ष लगाने और पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। इस अवसर पर प्रभारी प्रबंधक देवलाल सिन्हा ने समिति की उपविधियों का वाचन करते हुए सहकारी नियमों एवं समितियों की कार्यप्रणाली की विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसान एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। इनमें कमल साहू, सुरेश साहू, लेखराम साहू, भरत साहू, सेवाराम साहू, भप्पी वर्मा, शत्रुघ्न पाल, गंगाराम यादव, संतोष यादव, भकला निर्मल सहित अनेक किसान शामिल हुए।

उल्लेखनीय है कि सहकार से समृद्धि अभियान के प्रथम चरण की शुरुआत 29 जून को सहकारी ध्वजारोहण के साथ हुई थी। कार्यक्रम का समापन वृक्षारोपण एवं पर्यावरण संरक्षण का सामूहिक संकल्प लेकर किया गया।

## डायरिया से बचाव को लेकर बेमेतरा में दो माह का विशेष अभियान शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले में पांच वर्ष से कम आयु के बच्चों को डायरिया जैसी गंभीर बीमारी से सुरक्षित रखने के उद्देश्य से स्वास्थ्य विभाग ने 'स्टॉप डायरिया कैम्पेन-2026' की शुरुआत 1 जुलाई से कर दी है। यह

- 1 जुलाई से 31 अगस्त तक चलेगा 'स्टॉप डायरिया कैम्पेन-2026', पांच वर्ष तक के बच्चों को मिलेगा नि:शुल्क ओआरएस व जिंक

अभियान 31 अगस्त तक जिलेभर में संचालित होगा। अभियान के दौरान बच्चों को निःशुल्क ओआरएस (ओरल रिहाइड्रेशन सॉल्यूशन) और जिंक टैबलेट उपलब्ध कराई जाएगी, साथ ही ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में व्यापक जनजागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अमृत लाल रोहलेडर ने बताया कि संचालनालय स्वास्थ्य सेवाएं, छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार



अभियान का उद्देश्य पांच वर्ष तक के बच्चों में डायरिया से होने वाली मृत्यु दर को कम करना है। इसके लिए समय पर उपचार, रोकथाम और जनजागरूकता पर विशेष जोर दिया जाएगा। अभियान के तहत जिले की सभी स्वास्थ्य संस्थाओं, आंगनबाड़ी केन्द्रों तथा घर-घर भ्रमण के दौरान मितानिन और एएनएम द्वारा ओआरएस पैकेट एवं जिंक टैबलेट का निःशुल्क वितरण किया जाएगा। प्रत्येक उप स्वास्थ्य केन्द्र तथा आशा एवं मितानिन के पास डायरिया कंट्रोल किट भी उपलब्ध रहेगी, ताकि जरूरत पड़ने पर तत्काल उपचार शुरू किया जा सके। स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्कूलों, आंगनबाड़ी केन्द्रों और समुदाय स्तर पर हाथ धोने की सही विधि, स्वच्छ पेयजल के उपयोग, शिशुओं को केवल स्तनपान, साफ-सफाई और संतुलित पोषण के संबंध में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। साथ ही मैदानी स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को डायरिया प्रबंधन का पुनः प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। सीएमएचओ ने बताया कि अभियान के प्रभावी संचालन के लिए सिविल सर्जन सहित बेमेतरा, बेरला, नवागढ़ और साजा के सभी खंड चिकित्सा अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। अभियान की प्रतिदिन जिला स्तर पर मॉनिटरिंग की जाएगी तथा महिला एवं बाल विकास, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, नगरीय प्रशासन, शिक्षा विभाग तथा मितानिन कार्यक्रम का सहयोग लिया जाएगा।

### जनता से अपील

स्वास्थ्य विभाग ने अभिभावकों से अपील की है कि यदि किसी बच्चे को डायरिया हो तो उसे तुरंत ओआरएस का घोल पिलाएं और चिकित्सकीय सलाह के अनुसार 14 दिनों तक जिंक टैबलेट अवश्य दें। बच्चे की स्थिति गंभीर होने पर बिना देरी किए नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र में संपर्क करें। विभाग ने कहा है कि स्वच्छता, सुरक्षित पेयजल और नियमित हाथ धुलाई जैसी आदतें अपनाकर डायरिया से काफी हद तक बचाव किया जा सकता है।

### भिभौरी में मंडल स्तरीय कार्यशाला आयोजित

## भाजपा ने डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म से कार्यकर्ताओं को किया प्रशिक्षित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/बेरला

भारतीय जनता पार्टी ने संगठन को तकनीकी रूप से अधिक सशक्त और आधुनिक बनाने की दिशा में सोमवार को भिभौरी में डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म (डीएलपी) की मंडल स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की।

प्रशिक्षण में कार्यकर्ताओं को डिजिटल माध्यम से संगठनात्मक प्रशिक्षण लेने की पूरी प्रक्रिया का व्यावहारिक अभ्यास कराया गया। डिजिटल लर्निंग प्रोग्राम के प्रभारी नरेंद्र वर्मा ने कार्यकर्ताओं को डीएलपी पोर्टल के उपयोग, पंजीयन, लॉगिन, ऑनलाइन पाठ्यक्रम, मूल्यांकन तथा प्रमाणपत्र प्राप्त करने की प्रक्रिया की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में तकनीक संगठन की आवश्यकता बन चुकी




है। भाजपा ने कार्यकर्ताओं के सतत प्रशिक्षण, वैचारिक विकास और संगठनात्मक दक्षता बढ़ाने के उद्देश्य से डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म तैयार किया है। इसके माध्यम से कार्यकर्ता कभी भी और कहीं से भी पार्टी की नीतियों, विचारधारा तथा केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि यह विशेष प्रशिक्षण अभियान 23 जून को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि से प्रारंभ हुआ है, जो 6 जुलाई को उनकी जयंती तक चलेगा। अभियान के तहत मंडल स्तर तक कार्यकर्ताओं को डिजिटल रूप से प्रशिक्षित किया जा रहा है।

भिभौरी मंडल के प्रभारी हर्षवर्धन तिवारी ने बताया कि प्रशिक्षण पूर्ण होने के बाद कार्यकर्ताओं की ऑनलाइन परीक्षा आयोजित की जाएगी। परीक्षा में सफल प्रतिभागियों को डिजिटल लर्निंग प्रमाणपत्र प्रदान किया जाएगा, जिसे संगठन में भविष्य की जिम्मेदारियों के लिए महत्वपूर्ण माना जाएगा। कार्यशाला में मंडल अध्यक्ष सूर्यकांत नायक, नगर पंचायत अध्यक्ष संदीप परगनिया, महामंत्री देवदत्त साहू, उत्तम देवांगन, वरिष्ठ कार्यकर्ता विनोद वर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष यशवंत वर्मा सहित विभिन्न शक्ति केंद्रों के प्रभारी एवं बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**चार प्रमुख विषयों पर हो रहा प्रशिक्षण:** डिजिटल लर्निंग प्रोग्राम की मंडल प्रभारी ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान कार्यकर्ताओं को चार प्रमुख विषयों पर जानकारी दी जा रही है। इनमें भाजपा की संगठनात्मक व्यवस्था, पार्टी की विचारधारा, संविधान एवं संगठनात्मक कार्यप्रणाली तथा केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं शामिल हैं।

## सहायक प्राध्यापक परस राम साहू को विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) में पदस्थ रहे सहायक प्राध्यापक परस राम साहू के सेवानिवृत्त होने पर मंगलवार को भावभीना विदाई एवं सम्मान

- 40 वर्षों की शिक्षकीय सेवा पूर्ण कर हुए सेवानिवृत्त, प्राचार्य सहित डाइट परिवार ने शाल, श्रीफल व स्मृति चिन्ह देकर किया सम्मानित

समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में डाइट परिवार ने उनके चार दशक लंबे शिक्षकीय जीवन, सरल व्यक्तित्व और उत्कृष्ट कार्यशैली की सराहना करते हुए शाल, श्रीफल, स्मृति चिन्ह एवं उपहार भेंट कर सम्मानित किया। समारोह में संस्थान के प्राचार्य जे.के. घृतलहरे सहित समस्त शैक्षणिक एवं कार्यालयीन स्टाफ उपस्थित रहा। विशेष अतिथि के रूप में संस्थान के सेवानिवृत्त व्याख्याता तुकाराम साहू तथा सेवानिवृत्त



सहायक प्राध्यापक डॉ. वसुबंधु दीवान भी शामिल हुए। अपने उद्बोधन में डॉ. वसुबंधु दीवान ने कहा कि परस राम साहू का व्यक्तित्व सचमुच पारस की तरह है, जिनके संपर्क में आने वाला हर व्यक्ति और कार्य गुणवत्तापूर्ण बन जाता है।

प्राचार्य जे.के. घृतलहरे ने कहा कि शासन की प्रक्रिया के अनुसार प्रत्येक कर्मचारी को एक दिन सेवानिवृत्त होना पड़ता है, लेकिन परस राम साहू जैसा विशाल व्यक्तित्व, सहज व्यवहार और कार्य के प्रति समर्पण सदैव प्रेरणा देता रहेगा। विदाई के दौरान अपने संबोधन में परस राम साहू भावुक हो उठे। उन्होंने अपने शिक्षकीय जीवन की शुरुआत सहायक शिक्षक के रूप में की थी और आज सहायक प्राध्यापक के पद से सेवानिवृत्त होना उनके लिए गर्व का विषय है। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता अनिल कुमार सोनी ने किया। इस अवसर पर सहायक प्राध्यापक उषा किरण पाण्डेय, प्रहलाद कुमार टिकरिहा, देवी प्रसाद चंदेश्वर, व्याख्याता जी.एल. खुटियारे, थलज कुमार साहू, कीर्ति घृतलहरे तथा कार्यालयीन कर्मचारी सत्येंद्र मिश्रा, अमिंदर भारतीय, पूनम पाण्डेय, सरस्वती साहू, रोहित सेन, रामेश्वरी सेन सहित संस्थान के सभी अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

### डॉ. रमन सिंह, केंद्रीय मंत्री, सांसद, मंत्रियों-विधायकों सहित कार्यकर्ताओं ने दी शुभकामनाएं

# खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल के जन्मदिन पर ग्राम कुरा में उमड़ा जनसैलाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

प्रदेश के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री तथा नवागढ़ विधायक दयाल दास बघेल का जन्मदिन सोमवार को उनके गृह ग्राम कुरा में उत्साह, उल्लास और गरिमामय वातावरण के बीच मनाया गया। जन्मोत्सव के अवसर पर पूरे जिले सहित प्रदेशभर से भाजपा पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, कार्यकर्ताओं और बड़ी संख्या में आम नागरिकों का तांता लगा रहा। हजारों समर्थकों ने मंत्री बघेल को पुष्पगुच्छ भेंट कर जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए उनके उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु एवं सफल सार्वजनिक जीवन की कामना की। जन्मोत्सव कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह, केंद्रीय





राज्य मंत्री तोखन साहू, स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, सांसद विजय बघेल, नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव, रजककार बोर्ड अध्यक्ष प्रहलाद रजक सहित अनेक मंत्री, विधायक, भाजपा पदाधिकारी, महिला मोर्चा की प्रतिनिधियां एवं जनप्रतिनिधि शामिल हुए। सभी अतिथियों ने मंत्री बघेल से आत्मीय मुलाकात कर उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। जिला भाजपा अध्यक्ष अजय साहू, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष प्रज्ञा निर्वाणी, जनपद पंचायत अध्यक्ष हेमा दिवाकर सहित भाजपा के अनेक पदाधिकारियों के नेतृत्व में पहुंचे कार्यकर्ताओं ने मंत्री बघेल का भव्य स्वागत किया और उनके नेतृत्व में क्षेत्र के निरंतर विकास पर विश्वास जताया।

**जनसेवा का पर्याय हैं दयाल दास बघेलः डॉ. रमन सिंह :** इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने कहा कि दयाल दास बघेल का संपूर्ण सार्वजनिक जीवन संगठन के प्रति समर्पण, सादगी और जनसेवा का उत्कृष्ट उदाहरण रहा है। उन्होंने हमेशा आम जनता और कार्यकर्ताओं की भावनाओं का सम्मान करते हुए समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने का प्रयास किया है। उनके नेतृत्व में क्षेत्र निरंतर विकास की नई ऊंचाइयों की ओर बढ़ रहा है। मैं ईश्वर से उनके उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु और निरंतर जनसेवा की शक्ति प्रदान करने की कामना करता हूं।

### कार्यकर्ताओं के अभिभावक हैं मंत्री बघेलःअजय साहू

जिला भाजपा अध्यक्ष अजय साहू ने कहा कि दयाल दास बघेल केवल जनप्रतिनिधि नहीं, बल्कि भाजपा परिवार के प्रत्येक कार्यकर्ता के अभिभावक हैं। उनका सरल, सहज और मिलनसार व्यक्तित्व सभी को प्रेरित करता है। उन्होंने संगठन को मजबूत करने के साथ-साथ क्षेत्र के विकास को नई दिशा दी है। हम सभी कार्यकर्ता उनके नेतृत्व में जनसेवा के संकल्प को और मजबूती से आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उनके जन्मदिवस पर समस्त भाजपा परिवार उनके स्वस्थ, दीर्घ एवं सफल जीवन की मंगलकामना करता है। **जनसेवा के संकल्प के साथ मिला आशीर्वादः मंत्री बघेलः** कार्यक्रम के दौरान मंत्री दयाल दास बघेल ने सभी अतिथियों, कार्यकर्ताओं एवं शुभचिंतकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जनता और कार्यकर्ताओं का जो स्नेह एवं आशीर्वाद मिला है, वही उनकी सबसे बड़ी पूंजी है। उन्होंने कहा कि वे आगे भी पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ क्षेत्र एवं प्रदेश की सेवा करते रहेंगे।

